दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 30 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 93

महत्वपूर्ण एवं खास

सीबीएसई ने जारी की 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम की डेटशीट

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने साल 2023 में होने वाले 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम की डेटशीट जारी कर दी है। दोनों कक्षाओं के पेपर 15 फरवरी से शुरू होंगे। 10वीं का अंतिम पेपर 21 मार्च को और 12वीं का अंतिम पेपर 5 अप्रैल को होगा। ऐसे में जो छात्र इस साल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं वो बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट सीबीएसईडॉटएनआईसीडॉटईन और सीबीएसईडॉटगवर्मेंटडॉटईन पर जाकर डेटशीट चेक कर सकते हैं। सीबीएसईबोर्ड की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा इस साल एक टर्म में ही आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन तथा प्रोजेक्ट मूल्यांकन 02 जनवरी 2023 से शुरू होंगे।

चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में गिरा यात्री, बची जान

गाजीपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के माहपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढऩे की कोशिश के दौरान एक यात्री की जान बचाने के लिए प्लेटफॉर्म के एक हिस्से को तोडऩा पड़ा। रेलवे के मुताबिक प्रयागराज रामबाग मऊ मेमू एक्सप्रेस के ट्रेन गार्ड राजेश कुमार उपाध्याय ने यात्री को बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगाया। हादसे का एक वीडियो वायरल हुआ है, इसमें एक शख्स प्लेटफॉर्म के किनारे की कंक्रीट को तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि यात्री बचाव दल से उसे बचाने की गुहार लगा रहा है। एनईआर के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने कहा, चलती ट्रेन पर चढऩे का प्रयास कर रहे यात्री ने अपना संतुलन खो दिया और प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच की संकरी खाई में गिर गया। उसे गिरते देख ट्रेन के गार्ड राजेश कुमार उपाध्याय ने आपातकालीन ब्रेक लगा दिया। दुर्घटना के समय मजदूर ट्रेन के बगल में एक रेल ट्रैक बिछा रहे थे। श्रमिकों में से एक ने प्लेटफॉर्म के किनारे को तोड़ दिया और यात्री को बचा लिया गया। उसे मामूली चोटें आईं।

पाक में हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या, गर्दन काटी, छील दी खाल और झाड़ियों में फेंक दिया शव

इस्लामाबाद । पाक के सिंध में एक 40 वर्षीय हिंदू महिला की हत्या कर दी गई है। प्रथम जानकारी के अनुसार उसे पहले किडनैप किया गया था और फिर उसका सिर धड़ से अलग कर शव झाडिय़ों में फेंक दिया गया। आरोप ये भी है कि महिला से रेप के बाद उसका गला काट दिया गया। हत्या इतनी बर्बर तरह से की गई कि अज्ञात हत्यारे ने महिला का सिर तन से जुदा कर दिया, उसके खाल को छील दिया और ब्रेस्ट को काट दिया। दिल को दहला देने वाली यह घटना सिंध के सिंझोरो की है, जहां महिला की पहचान हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की दया भील के रूप में हुई है। विधवा महिला की बॉडी बहुत ही बुरी हालत में सरसों के खेत से बरामद की गई। खबर सामने आने के बाद बुधवार सुबह हिंदू सीनेटर कृष्णा कुमारी सिंझोरो पहुंचीं। महिला के शव को बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सिंझोरो और शाहपुरचक्कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चीन समेत 6 देशों के यात्रियों पर लगा अंकुश, भारत आने से पहले आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य

नई दिल्ली (आरएनएस)। चीन में बढ़ते कोरोना मामलों के बाद भारत सरकार अलर्ट मोड पर है। मोदी सरकार इस मामले में किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती। इसीलिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आज जानकारी दी कि न, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को प्रस्थान से पहले अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर टेस्ट से गुजरना होगा और 1 जनवरी 2023 से एयर सुविधा पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करनी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री दरअसल, इंटरनेशनल ट्रैवल को लेकर जारी गाइडलाइन पर भ्रम की स्थिति के कारण एयर सुविधा लागू की गई है। मंत्री ने

कहा कि यह नियम भारत पहुंचने पर सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के दो प्रतिशत यात्रियों के यादृच्छिक (रैंडम) परीक्षण के अतिरिक्त है। कुछ देशों में कोरोनो वायरस के मामलों में वृद्धि के बीच, सरकार ने सतर्कता बरतते हुए कोविड दिशानिर्देशों को सख्त किया है, साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।

भारत में एक दिन में सामने आए कोविड के 268 नए मामले

भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोनावायरस के 268 नए मामले सामने आए, जबकि पिछले दिन यह संख्या 188 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को ये जानकारी दी। सक्रिय मामलों की संख्या 3,552 है, जो देश के कुल सकारात्मक मामलों का 0.01 प्रतिशत है। साप्ताहिक सकारात्मक दर वर्तमान में 0.17 प्रतिशत है, जबकि दैनिक सकारात्मक दर 0.11 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 182 रोगियों के ठीक होने के बाद ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,41,43,665 हो गई है। नतीजतन, भारत की रिकवरी रेट 98.80 प्रतिशत है। साथ ही इसी अवधि में, देश भर में कुल 2,36,919 परीक्षण किए गए। पिछले 24 घंटों में दिए गए 99,231 टीकों के साथ, भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज गुरुवार सुबह तक 220.08 करोड़ से अधिक हो गया।

दुनियाभर में कोरोना फैलाएगा चीन! इटली पहुंचे विमानों के यात्री मिले संक्रमित, भारत-अमेरिका ने लगाई पाबंदी

बीजिंग। चीन से इटली पहुंची एक फ्लाइट के आधे यात्री कोरोना संक्रमित पाए जाने से हडक़ंप मच गया। इससे चीन से दूसरे देशों में कोरोना फैलने का खतरा और बढ़ गया है। इसी कारण भारत व अमेरिका समेत 7 देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले कोविड निगेटिव रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया है।

चीन से मिलान जा रही दो फ्लाइट में यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। एक फ्लाइट के 92 यात्रियों में से 35 यानी 38 फीसदी और दूसरी के 120 यात्रियों में से 62 यानी 52 फीसदी यात्री कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं।

उधर, चीन देश में बड़े पैमाने पर कोरोना मरीज मिलने के बावजूद पाबंदियों में ढील दे रहा है। उसने नए साल में कोविड के खतरे का स्तर 'ए' से घटाकर 'बी' करने का फैसला किया है। इससे कोरोना मरीज को क्वारंटीन करने की जरूरत नहीं होगी।

चीन ने यह भी एलान किया है कि अगले माह शुरू होने वाले चीनी लूनार नव वर्ष अवकाश में विदेश भ्रमण के इच्छुक लोगों को वह लाखों की तादाद में साधारण पासपोर्ट व वीजा जारी करेगा। इससे समूची दुनिया में कोविड नए सिरे से फैलने का खतरा बढ़ गया है।

कोरोना के कारण चीन लगभग तीन सालों तक पूरी दुनिया से कटा रहा, क्योंकि अधिकांश देशों ने यात्रा पाबंदियां लगा दी थीं। इसलिए वह अपने पर्यटकों की विदेश यात्राओं पर पाबंदियां हटा रहा है। 2020 के बाद पहली बार चीन यह ढील दे रहा है, लेकिन दुनियाभर में कोविड की दृष्टि से यह कदम चिंताजनक माना जा रहा है।

भारत की सैन्य शक्ति में इजाफा, सुखोई-30 एमकेआई का सफल परीक्षण

नई दिल्ली (आरएनएस)। अपनी सैन्य शक्ति में भारत निरंतर वृद्धि कर रहा है और आए दिन नए परीक्षण किए जा रहे हैं। आज भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस एक्सटेंडेड एयर वर्जन का सुखोई-30 एमकेआई का सफल परीक्षण किया, जहां मिसाइल एंटी-शिप वैरिएंट थी। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने टारगेट शिप को ध्वस्त कर दिया। इस मिसाइल की रेंज 400 किलोमीटर है। सुखोई-30 एमकेआई विमान के बेहतर प्रदर्शन के साथ एयर लांच ब्रम्होस मिसाइल की एक्सटेंडेड रेंज क्षमता भारतीय वायु सेना को एक रणनीतिक बढ़त देगी।

सुखोई-30 एमकेआई विमान के बेहतर प्रदर्शन के साथ एयर लांच ब्रम्होस मिसाइल की एक्सटेंडेड रेंज क्षमता भारतीय वायु सेना को रणनीतिक बढ़त देगी। इससे पहले भारतीय सेना की पश्चिमी कमान 29 नवंबर को सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल का टेस्ट किया था। ये परीक्षण भारतीय सेना की अंडमान-निकोबार द्वीप समूह कमान की ओर से किया गया था।

विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स की रजिस्ट्रेशन में धांधली, पंजाब, हिमाचल समेत 91 स्थानों पर सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने गुरुवार को फर्जी सर्टिफिकेट्स के आधार पर मेडिकल काउंसिल में विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के रजिस्ट्रेशन में धांधली के मामले में देशभर में लगभग 91 स्थानों पर छापेमारी की है। इस दौरान सीबीआई की टीम ने एफएमजी परीक्षा के फर्जी पास प्रमाणपत्र समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। सीबीआई ने स्टेट मेडिकल काउंसिल्स और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के अज्ञात सरकारी कर्मचारियों वहीं 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स और

अन्य अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) द्वारा आयोजित क्वालिफाइंग फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स परीक्षा के फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर कई राज्यों में मेडिकल काउंसिल के साथ विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के रजिस्ट्रेशन में अनियमितताओं के आरोप थे।

यह आरोप लगाया गया है कि 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स हैं जो अनिवार्य योग्यता परीक्षा पास नहीं कर सके। कई राज्यों में मेडिकल काउंसिल के साथ वह खुद का रजिस्ट्रेशन कराने में कामयाब रहे। अधिकारी ने कहा कि यह भी आरोप लगाया गया कि इस तरह के फर्जी प्रमाणपत्रों पर रजिस्ट्रेशन कराने से उम्मीदवारों को अभ्यास करने या देश भर के अस्पतालों में नौकरी हासिल करने में मदद मिली। दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर, गुरदासपुर, बठिंडा, खन्ना, करनाल, सवाईमाधोपुर, नरवाना, हमीरपुर, शिमला, जम्मू, श्रीनगर, देहरादून, गाजियाबाद, गुवाहाटी, तेजपुर, इंफाल, सिक्किम, राजपुर, पटना, मुंगेर, मुंबई, जयपुर, सीकर, विजयवाड़ा, वारंगल, तिरुनेलवेली, मदुरै, भोपाल, नागपुर, बुलढाणा, पुणे, जलगांव, दरभंगा, भागलपुर, चंपारण, बेगूसराय, बोकारो, विजाग, हाजीपुर, वैशाली और नालंदा में छापेमारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, मामले में आगे की जांच जारी है।

सुरक्षा में चूक की शिकायत पर सीआरपीएफ का जवाब, राहुल गांधी ने खुद ही किया 113 बार नियमों का उल्लंघन

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक का जिक्र करने के एक दिन बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बयान दिया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई मौकों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय को बताया है कि राहुल गांधी ने 2020 से अब तक 113 बार सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन किया है। ऐसा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी हुआ है।

यही नहीं सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा में पूरे प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है और उसके मानकों के तहत कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन खुद राहुल गांधी ही कई बार सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर

चुके हैं और लोगों से मिलने के लिए निकल जाते हैं।

कांग्रेस के पत्र पर होम मिनिस्ट्री ने सीआरपीएफ से जवाब मांगा था। इस पर सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय को दिए गए जवाब में राहुल गांधी पर ही सुरक्षा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ की ओर से ही राहुल गांधी की सुरक्षा की जाती है। बता दें कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से बुधवार को होम मिनिस्टर अमित शाह के नाम पर एक खत लिखा गया था। इसमें कहा गया था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार राहुल गांधी एवं अन्य यात्रियों की सुरक्षा में चूक हुई है।

यही नहीं कांग्रेस नेता की ओर से लिखे पत्र में कहा गया था कि एजेंसियों की ओर से नामी हस्तियों को यात्रा में शामिल होने से रोका जा रहा है। इसके अलावा इसमें आने वाले वाले लोगों से लंबी पूछताछ भी की जाती है। कांग्रेस ने राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा था कि यात्रा अब अगले चरण में पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में पहुंचने वाली है। ऐसी स्थिति में बेहतर होगा कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। उन्होंने यह भी नसीहत दी थी कि सरकार को ऐसे मामलों में बदले की राजनीति करने से बचना चाहिए और अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए।

दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था में खामियों के आरोपों पर भी सीआरपीएफ ने जवाब दिया है। सीआरपीएफ का कहना है कि दिल्ली पुलिस को पहले ही पर्याप्त सुरक्षा के लिए कह दिया गया था। अर्ध सैनिक बल के सूत्र ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा व्यवस्था के हमेशा से पुख्ता इंतजाम रहते हैं। वह खुद ही कई बार नियमों को तोड़ देते हैं। सीआरपीएफ ने कहा कि कई बार यह देखा गया है कि राहुल गांधी ने नियमों को तोड़ दिया। इसे लेकर उन्हें भी बताया गया है। सुरक्षा एजेंसी ने साफ कहा कि 2020 से ऐसा कुल 113 बार हुआ है, जब राहुल गांधी ने नियम तोड़ दिए।

भिक्षु बन, कर रही थी दलाई लामा की जासूसी, पकड़ी गई चाइनीज महिला

पटना(आरएनएस)। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को धमकी देने वाली महिला को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने चीनी जासूस को कालचक्र ग्राउंड के बाहर से हिरासत में लिया। इसी जगह पर दलाई लामा रोजाना प्रवचन देने आते हैं। बिहार पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध चीनी महिला का नाम सॉन्ग शियाओलॉन है। संदिग्ध चीनी महिला की उम्र लगभग 50 साल बताई जा रही है। गया सिटी पुलिस के एसपी अशोक प्रसाद महिला से पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये चीनी महिला पिछले 2 साल से देश के अलग-अलग हिस्सों में रही थी और छिपने के लिए भिक्षु बन जाती थी।

बता दें कि इससे पहले बिहार पुलिस ने संदिग्ध जासून मानी जा रही इस चीनी महिला का स्कैच जारी किया था। इस बीच बोधगया में दलाई लामा की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया था। कहा जा रहा है कि बौद्ध धर्मगुरु को चीन की इस महिला ने धमकी दी थी।

गया पुलिस इस चीनी महिला को तलाशने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही थी। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया एजेंसियां का रडार भी इस चीनी महिला को ट्रैक करने में लगा था। लेकिन संदिग्ध चीनी महिला सॉन्ग शियाओलॉन के बारे में कुछ भी पता नहीं चल रहा था।

प्रवासियों को ईसीआई का तोहफा- मतदान के लिए नहीं करना पड़ेगा 'सफर', मिलेगी रिमोट वोटिंग सुविधा

नई दिल्ली (आरएनएस)। वोट डालना हर किसी का संवैधानिक अधिकार होता है। लेकिन कई लोग अपने घर से दूर रहने के कारण वोट नहीं डाल पाते हैं। लेकिन अब चुनाव आयोग ने ऐसा समाधान कर दिया है जिससे घर से दूर रहने वाले लोग भी वोट डाल सकेंगे। दरअसल, चुनाव आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए दूरस्थ ईवीएम का प्रोटोटाइप विकसित किया, यह एकल बूथ से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में दूरस्थ मतदान को नियंत्रित कर सकता है। वहीं इसे लागू करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक चुनौतियों पर पार्टियों के विचार मांगे गए हैं।

प्रथम जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने रोजगार, शिक्षा वा अन्य कारणों से अपने शहर को छोडक़र देश के दूसरे नगर या स्थान में रहने वाले लोगों के लिए रिमोट वोटिंग सुविधा देने पर काम शुरू किया है। आने वाले दिनों में देश में कहीं से भी कोई व्यक्ति कार्यक्षेत्र से ही अपना मतदान कर सकेगा।

बता दें कि प्रवासी मतदाताओं को वोट करने के लिए वापस अपने ग्रह नगर जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। चुनाव आयोग ने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी आरवीएम विकसित किया है। यह एक रिमोट पोलिंग बूथ से 72 तक निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान करा सकता है।

अफगानिस्तान : सुरक्षा बलों ने 8 विमानभेदी बंदूकों को किया जब्त

काबुल। अफगानिस्तान में अफगान बलों ने पूर्वी परवान प्रांत में तलाशी अभियान के दौरान आठ विमानभेदी बंदूकों को बरामद किया है। रक्षा मंत्रालय ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा गया कि ये भारी हथियार दो दिन पहले काबुल से 55 किलोमीटर उत्तर में प्रांत की राजधानी चरकर शहर के बाहरी क्षेत्र में जंगल बाग इलाके से मिले। इसी तरह के अभियान में सुरक्षा बलों ने हाल ही में उत्तरी बल्ख प्रांत के मरमोल जिले से आरपीजी-7 के तीन टुकड़ों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया था।

एफसीआई में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में नौकरी के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीडि़तों में से एक संतोष सिंह की शिकायत पर महानगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।

गिरोह पहले भी एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी कर चुका है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह गिरोह के सदस्यों नीरज पांडे, विकास सोनकर, अनूप श्रीवास्तव, विकास सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अमरेंद्र, जितेंद्र, कुलदीप, नीलेश, विनोद कुमार, राज रस्तोगी से 2019 में एक रेस्तरां में मिला था और उसे एफसीआई (लिपिक पद) में

नौकरी देने का वादा किया गया था, इसके बदले में 8 लाख रुपये की मांग की गई थी।

सिंह ने आरोप लगाया, 'उन्होंने फरवरी में दिल्ली में एक बहुमंजिला आलीशान कार्यालय में एक साक्षात्कार आयोजित किया, जिसमें एफसीआई का नाम और प्रतीक चिन्ह था।'

वह अन्य उम्मीदवारों के साथ एक एमसीक्यू-आधारित लिखित परीक्षा और एक व्यक्तित्व परीक्षण में भी उपस्थित हुआ।

गैंग के एक सदस्य ने खुद को एफसीआई का जीएम बताकर इंटरव्यू लिया और नियुक्ति की पुष्टि के लिए 5 लाख रुपये की मांग की।

उन्होंने कहा, मई में मुझे आरोपी का फोन आया और मुझे सिरसा हरियाणा में एफसीआई इकाई में शामिल होने के लिए कहा गया और प्रशिक्षु के रूप में लेबल किए गए एफसीआई के प्रतीक चिन्ह वाला एक पत्र प्राप्त हुआ।

उसने बताया जब वह सिरसा पहुंचा, तो पाया कि कई अन्य लोगों के पास भी इसी तरह के पत्र थे। मुझे बताया गया कि हरियाणा के बरवाला जाना है। मुझे फिर से आरोपियों का फोन आया और दिल्ली आने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चार महीने बाद ज्वाइनिंग लेटर मिलेगा।

पीडि़त से प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के लिए 15 हजार रुपये और मांगे गए।

अंत में उन्हें बताया गया कि सभी रिक्तियां भरी हुई हैं और उन्हें प्रतीक्षा करनी होगी। इसके बाद 2021 में, पीडि़त ने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन कभी नहीं मिले।

पुलिस ने एक साल की निगरानी के बाद गिरोह के दो सदस्यों नीरज पांडे और जितेंद्र कैलाश को पकडऩे में कामयाबी हासिल की है। सदस्य कोचिंग संस्थानों के पास छात्रों को निशाना बनाते थे।

एसएचओ महानगर, के.के. तिवारी ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है।